तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]



शहर की लाइफ लाइन अरपा में अभी भी नालों का गंदा पानी जा रहा है। अरपा के संरक्षण की सारी कवायद फेल होती नजर आ रही है।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज बिल्हा में आमसभा को करेंगे संबोधित



**बिलासपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतर्गत सोमवार 29 अप्रैल को बिलासपुर लोकसभा के बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में आएंगे। श्री साय यहां ग्राम पंचायत रोहराकला पथरिया विकास खंड जिला मुंगेली में आम सभा को संबोधित करेंगे।

### बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस आज से रद्द



**बिलासपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना सेक्शन के गणेशगंज स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाना है। इसके लिए 29 अप्रैल से बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। रेलवे के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना सेक्शन के हरदुआ-मझगवां फाटक के मध्य तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान रेलवे द्वारा 29 अप्रैल से 1 मई तक गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल तथा 1 मई से 3 मई तक गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### सीएमएस का एक बार ही होगा रजिस्ट्रेशन

**बिलासपुर।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से होने वाले कंबाइंड मेडिकल सर्विसेज एग्जामिनेशन का रजिस्ट्रेशन सिर्फ एक बार ही होगा। इसके आधार पर अभ्यर्थी कई बार परीक्षा में बैठ सकेंगे। यूपीएससी ने सीएमएस का का शेड्यूल जारी किया है। सामान्य पुरुष उम्मीदवारों के लिए शुल्क 200 रुपए और महिला एससी, एसटी, ओबीसी व निःशक्तजनों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवेदन 30 अप्रैल शाम छह बजे तक किए जा सकते हैं। परीक्षा देस के 41 शहरों में होगी। इसकी अधिसूचना यूपीएससी ने वेबसाइट पर जारी किया है।

### चुनाव कराने 15 कंपनी के जवान आएंगे शहर

**बिलासपुर।** जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने के लिए बाहर से 15 कंपनी के जवान शहर आएंगे। सोमवार से फोर्स के जवानों का आना शुरू हो जाएगा। जवानों के रूकने, खाने पीने की व्यवस्था कर ली गई है। जिले में आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए एसपी रजनेश सिंह के द्वारा फोर्स की मांग की गई है। श्री सिंह ने बताया कि जिले में चुनाव कराने सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी सहित अन्य 15 कंपनी के जवान शहर आएंगे। सोमवार से फोर्स का आना शुरू हो जाएगा। पुलिस विभाग के द्वारा पहले से फोर्स के जवानों के रूकने व खाने पीने की रेस्ट हाउस, स्कूल, कालेज, धर्मशाला, सामुदायिक भवन सहित अन्य शासकीय भवनों तैयारी कर ली गई है। खबर है कि सोमवार को 2 कंपनी की फोर्स के जवान शहर पहुंच जाएंगे। देर रात तक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी जवानों को ठहराने व खाने पीन की व्यवस्था करने में लगे हुए थे। सोमवार को दो कंपनी के जवान शहर पहुंच जाएंगे। उसके बाद जवानों की जिले में ड्यूटी लगाई जाएगी। एक दो दिन में शहर व ग्रामीण इलाके में फोर्स के जवान मैदान में ड्यूटी करते नजर आने लगेंगे।

# जीएसटी की टीम ने 3 करोड़ का स्टाक पकड़ा, एजेंसियों की नजर जूते, चप्पल, साड़ियां, प्रेशर कूकर, प्लास्टिक और बाल्टियों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

लोकसभा चुनाव-2024 मे आयोग की नजर हर छोटी-बड़ी चीज पर है, जिससे वोटर प्रभावित हो सकते हैं। इसमें जूते-चप्पल, बाल्टी, प्रेशर कुकर, शराब, नशीली दवाएं समेत रेडीमेड कपड़ों, ग्रेनाइट स्टोन, सिरेमिक्स टाइल्स आदि चीजें शामिल हैं। जांच के लिए बिलासपुर रेंज के सीमावर्ती इलाकों में 50 से अधिक प्वाइंट बनाए गए हैं। इसमें एसएसटी समेत अन्य एजेंसियों की टीम जांच में लगी है। इन प्वाइंट्स से गुजरने वालों की रेंडम जांच की जा रही है। जांच के दौरान सेंट्रल और स्टेट जीएसटी की टीम ने बिलासपुर में करीब 3 करोड़ रुपए का स्टाक पकड़ा है। इसके अलावा कपडे कनफेक्शनरी, चॉकलेट, पान मसाला, गुटका, साड़ी, पनीर, कत्था, जरदा, सुपारी की जब्ती की गई है।

लोकसभा चुनाव में यह पहली बार है कि जब आयोग के लिए अलग-अलग जांच एजेंसियां विभिन्न सामग्री के आने-जाने पर नजर रखे हुई है। हालांकि इन सामान की बिल दिखाने पर उसे छोड़ दिया जाएगा। शादी-ब्याह के कारण खरीदी हो रही अधिक, बिल दिखाने पर छूट इन दिनों शादी-ब्याह का मौसम है। अप्रैल और मई में लग्न होने की वजह से इस दौरान शादियां होंगी। इसकी वजह से गहने, कपड़े और अन्य सामान खरीदी की जा रही है। जिले से खरीदी के बाद सामान बाहर भी ले जाए जा रहे हैं। इसे देखते हुए चौकियों में सारी जानकारियां ली जी रही हैं। पकड़ने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए उसे आयकर विभाग को सौंप दिया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव-2024 में आयोग की नजर हर छोटी-बड़ी चीज पर

जांच के लिए रेंज के सीमावर्ती इलाकों में 50 से अधिक प्वाइंट बनाए गए



### संभाग के इन जिलों में हुई जब्ती

जांच के दौरान सेंट्रल और स्टेट जीएसटी की टीम ने बिलासपुर में करीब 3 करोड़ रुपए का बेहिसाब स्टाक पकड़ा है। इसके साथ ही जांजगीर -चांपा में कैश और शराब, मुंगेली में शराब, कोरबा में शराब की जब्ती बनाई गई है। इसके साथ ही निगरानी दलों ने हर जिले में कुछ न कुछ अवैध चीजें पकड़ी हैं। इसमें लगभग 15 करोड़ रुपए हवाला ट्रांजेक्शन भी शामिल है। 5 करोड़ के अवैध पान मसाले जब्त किए गए हैं।

### जांच के साथ वीडियो भी बनाया जा रहा

जिले के सीमावर्ती इलाकों में जीएसटी समेत इन विभागों के टीम की नजर जिले के सीमावर्ती इलाकों में लगातार जांच चल रही है। इसमें सेंट्रल जीएसटी, प्रवर्तन निदेशालय, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस आदि शामिल हैं। नियमानुसार 10 हजार से अधिक के सामान पर जीएसटी युक्त बिल देखी जा रही है। इस बिल के बिना सामान जब्त किया जा सकता है। फिलहाल प्वाइंट्स में सामान लेकर गुजरने वाले वाहनों की न केवल जांच की जा रही है, बल्कि उसका वीडियो भी बनाया जा रहा है, ताकि यदि कोई सामान पकड़ा जाता है तो वीडियो को प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया जा सके। दरअसल लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रवर्तन एजेंसियों, आयकर विभाग, पुलिस, जीएसटी, सीजीएसटी, एक्साइज विभाग प्रदेश की सीमाओं के साथ ही एक शहर को दूसरे शहर से जोड़ने वाली सीमाओं पर बैरीकेडिंग कर जांच कर रही है।

### सामुदायिक भोज व दावत खर्च में जुड़ेगा

उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव बनर्जी के मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि प्रत्याशी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे समारोह पर किया गया व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जाएगा। उसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर यह लागू नहीं होगा। उन्होंने बताया कि उड़नदस्तों, स्टैटिक्स सर्विलेंस टीमों ,पुलिस व निगरानी दलों द्वारा जब्ती की कार्रवाई की जाती है। हर जिले में इसके लिए जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। इस समिति के समक्ष ही सभी जब्तियों को पेश किया जाता है। जिनसे जब्तियां की जाती हैं तो वैध दस्तावेज दिखाते हैं तो उनका सामान छोड़ दिया जाता है।

### की जा रही है जांच

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रवर्तन एजेंसियों, आयकर विभाग, पुलिस, जीएसटी, सीजीएसटी, एक्साइज विभाग प्रदेश की सीमाओं के साथ ही एक शहर को दूसरे शहर से जोड़ने वाली सीमाओं पर बैरीकेडिंग कर जांच कर रही है, जिनसे जब्तियां की जाती हैं तो वैध दस्तावेज दिखाते हैं तो उनका सामान छोड़ दिया जाता है।

- शिव बनर्जी
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## हरिभूमि में खबर छपने के बाद पाठक भेज रहे ऐसी तस्वीरें




ठूंस-ठूंसकर भरे जा रहे यात्री

*दैनिक हरिभूमि ने बस यात्रियों की समस्या पर 28 अप्रैल को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद पाठक ऐसी तस्वीरें हरिभूमि को भेज रहे हैं। यह तस्वीर प्रयागराज से दुर्ग आ रही बस की है, जिसमें यात्री ऐसे ठूंसे गए हैं, जिससे यह पहचानना मुश्किल है कि यह बस है या ट्रेन।*

### अधिकारियों के फील्ड में नहीं रहने का उठा रहे फायदा

# बसों में भरी जा रही जबरिया सवारी, यात्री हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बसों की सवारी कर रहे यात्रियों को लिए खासी मुसीबत सामने आ रही है, लंबी दूरी की बसों के में भेड़ चाल में सवारी भर रहे हैं। स्लीपर और एसी गाड़ियों का हाल बेहाल है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों को जाने वाली बसों में निर्धारित सीटों से कहीं ज्यादा सवारी ढोई जा रही है, वहीं आरटीओ अधिकारी चुनाव में व्यस्त होने के कारण बस संचालकों की चांदी कट रही है।

परिवहन अधिकारियों के चुनाव में व्यस्त होने के कारण बसें बेलगाम हो चुकी है। हालत यह है जहां एक ओर शादियों का सीजन है, वहीं चुनाव के कारण बसों का टोटा है, इसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ रहा है। मनमाना किराया और भेड़ बकरियों की तरह सवारी बसों में भरी जा रही है। ताजा मामला मनीष ट्रैवल्स का है। बताया जा रहा है कि बस क्रमांक सीजी 07 सीआर 9907 की बस शाम 6 बजे प्रयागराज से रवाना हुई, लेकिन रास्ते भर बस कंडक्टर ने जबरिया सवारी भरते रहे, वहीं रीवा पहुंचने के बाद बस के अंदर जगह नहीं होने के बाद भी रात में सो रहे सवारियों को उठा कर जगह बनाने का दबाव डाला जाता रहा, वहीं जिन यात्रियों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई उन्हें उतराने की धमकी दी जाती रही। स्लीपर बस होने के बाद भी यात्रियों की समस्या से ड्राइवर और कंडक्टर ने एक भी नहीं सूनी, जिसके चलते यात्री रास्ते भर हलाकान रहे।

### अनूपपुर, रीवा, प्रयागराज, अंबिकापुर, रायगढ़ की बसों की शिकायत

#### लंबी रूट की बसों की जांच नहीं

खास बात यह है कि लंबी रूट की बसों की शिकायत लगातार हो रही है, लेकिन बावजूद इसके परिवहन विभाग कार्रवाई नहीं हो रही है। दरअसल पिछले 6 माह से परिवहन विभाग द्वारा महज ओवर लोड और कम दूरी की बसों पर ही कार्रवाई की गई है। वहीं लंबी दूरी की बसों को स्पेशल परमिट के चलते ज्यादातर चैकिंग नहीं की जाती है, जबकि इन बसों में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

#### ठेकेदारों की बोलती है तूती

बताया जा रहा है कि उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और बिहार जाने वाली बसों में ज्यादातर लेबर और ठेकेदार होते हैं। ईंट और टाइल्स के कामों को लेकर लेबर हर साल इन प्रदेश की यात्रा करते हैं, जिसके चलते बसों को खचाखच भरा जाता है। खास बात यह है कि बस संचालक और ठेकेदार के बीच में सेटिंग के जरिए लेबर का पयालन लगातार हो रहा है।



#### की जाएगी कार्रवाई

दुर्ग से चलने वाली बसें हैं, बिलासपुर परिक्षेत्र से इनका परमिट नहीं है। फ्लाइंग स्क्वायड की टीम कार्रवाई करती है, लेकिन अभी पूरा महकमा चुनाव के चलते व्यस्त है। चुनाव निबटने के बाद कार्रवाई जरू की जाएगी। जिनकी शिकायत मिली है उन्हें नोटिस भेजवाया जाएगा।

**आसीम माथुर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

### फिर बदला मौसम



# सुबह बारिश हुई, पारा सामान्य से 3 डिग्री कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन तेज धूप निकलने के बाद रविवार को मौसम फिर बदल गया। आसमान पर बादल छा गए और सुबह बारिश भी होने लगी। दिन में बादल छाए रहने से तापमान कम हो गया और गर्मी से लोगों को राहत मिल गई।

▪ आंधी और बूंदाबांदी के चलते गर्मी से राहत

रविवार को मौसम में अचानक परिवर्तन देखा गया, जहां शनिवार को तेज धूप रही, वहीं रविवार को सुबह से ही मौसम खुशनुमा रहा और दोपहर 12 बजे तक जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। वहीं दोपहर को अचानक बादल साफ होते गए और धूप निकल आई, लेकिन दोबारा शाम होते ही आसमान में बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी। इस दौरान पारा सामान्य से 9 डिग्री नीचे चला गया, जिसके चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली। बताया जा रहा है कि द्रोणिका झारखंड से छत्तीसगढ़ के बीच बनी हुई है, इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 0.9 किमी पर है। ऐसे में तेज हवा के झोंकें लगातार प्रदेश में प्रवेश कर रहे हैं और अंधड़ चल रही है। आगामी दो दिनों तक मौसम में उतार चढ़ाव हो सकता है।

#### 4 घंटे बिजली सप्लाई ठप

जहां एक ओर मौसम में उतार चढाव जारी है, वहीं दूसरी ओर बिजली की आंखमिचौली लोगों को परेशान कर रही है। बिजली के बार- बार बंद होने से उपभोक्ता त्रस्त हो चुके हैं। रविवार को तेज हवाओं के संपर्क में आने के बद 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन हो गया, इस दौरान घंटे भर के लिए आधे शहर की बिजली बंद रही, वहीं सकरी और उसलापुर क्षेत्र में फाल्ट आने के कारण दोपहर 12 बजे तक सप्लाई नार्मल नहीं की जा सकी। इसके साथ ही सुबह से शाम करीब 6 बार बिजली की ट्रिपिंग दर्ज की गई है। जिसके चलते रविवार होने के बाजवूद फ्यूज कॉल सेंटरों में सैकड़ों शिकायतें दर्ज की गई हैं।

### दो माह में सड़क दुर्घटना में घायल 1 हजार 418 लोगों को समय पर पहुंचाया अस्पताल

# पीड़ितों के लिए मददगार बनकर सामने आ रहा डायल 112

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आपात कालीन सेवा डायल 112 पीड़ितों के लिए मददगार बनकर सामने आ रहा है। टीम के द्वारा रिस्पांस टाइम में खुदकुशी करने वाले को बचाया जा रहा है, इसके साथ टीम सुरक्षित प्रसव कराने, लापता लोगों को परिजन से मिलाने का काम कर रही है। पिछले दो माह में सड़क दुर्घटनाओं में घायल 1 हजार 418 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

पूर्व में भाजपा शासन काल में राजधानी रायपुर, बिलासपुर सहित 8 शहरों में एक साथ डायल 112 की शुरूआत की गई थी। इसमें सूचना मिलने पर शहर में 10 मिनट व ग्रामीण क्षेत्र में 30 मिनट में मौके पर पहुंचने का समय दिया गया है। कोई भी समस्या होने पर पीड़ित डायल 112 में सूचना दे रहे हैं। रिस्पांस टाइम में डायल 112 मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की मदद कर लोगों को राहत पहुंचा रही है। इसका सर्वाधिक लाभ सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मिल रहा है।

सूचना मिलते ही रिस्पांस टाइम में डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचकर समय पर घायलों को अस्पताल पहुंचा रही है। पूर्व में सड़क दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस के इंतजार में लोगों की मौत हो जा रही थी।



#### इस महीने 656 लोगों की बचाई जान

पुलिस विभाग से मिले आंकड़े के अनुसार डायल 112 ने सड़क दुर्घटना में घायल मार्च माह में 772 व अप्रैल में अब तक 656 लोगों को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई है। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के शिकायतों में मार्च माह में 7 हजार 460 व अप्रैल माह में अब तक 4 हजार 975 लोगों को राहत पहुंचाई गई है।

#### केस 1

27 अप्रैल को सरकण्डा में एक 5 वर्षीय बालिका रोते हुए इधर उधर भटक रही थी। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई। पूछताछ करने पर बच्ची कुछ नहीं बता पा रही थी। बच्ची को गाड़ी में बैठाकर आसपास क्षेत्र में घरों के सामने खेल रहे बच्चों से पूछताछ करने पर उक्त बालिका की सोन गंगा कालोनी में रहने वाली के रूप में पहचान हुई। उसके बाद बालिका को उनके माता पिता को सौंप दिया गया।

#### केस 2

26 अप्रैल को कोनी बिरकोना की एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंचकर महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहा था। अधिक पीड़ा होने से रास्ते में गाड़ी रोका गया। डिलवरी के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई और मितानितों एवं परिजन के सहयोग से गाड़ी में महिला का सुरक्षित डिलवरी कराई गई। उसके बाद महिला एवं उसके बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया।

#### केस 3

पिछले दिनों इंजेक्शन नहीं लगाने के विरोध गनियारी क्षेत्र की महिला 2 साल की नातिन को लेकर गनियारी स्वास्थ केंद्र के पेड़ के पर चढ़कर हंगामा मचा रही थी। सूचना पर डायल 112 के जवानों के 4 घण्टे मशक्कत के बाद महिला व बच्ची को पेड़ से नीचे उतारा गया था।

#### केस 4

सिरगिट्टी क्षेत्र में एक युवक घर में आपसी विवाद होने पर पेड़ में फांसी लगाकर लटक गया। सूचना पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी पर चढ़कर फंदा काटकर युवक की जान बचा ली थी।

#### शिकायतों का भी किया निराकरण

सभी प्रकार के आपात कालीन सेवाएं के तहत डायल 112 चलाई जा रही है। दो माह में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई गई है। इसी तरह विभिन्न प्रकार के शिकायतों का निराकरण किया गया है।

- अर्चना झा
नोडल अधिकारी
डायल 112

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल में मनाया गया विश्व कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य दिवस



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय में 28 अप्रैल को विश्व कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके बादमुख्य अतिथि श्री कापरी एवं विशिष्ट अतिथि सीवीओ जयंत कुमार खमारी एवं निदेशक तकनीकी (यो/परि.) फ्रैंकलिन जयकुमार ने खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री कापरी ने सभी उपस्थितों को सुरक्षा शपथ दिलाई एवं कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को हमेशा प्राथमिकता देते हुए सतर्क एवं सजग रहते हुए कार्यनिष्पादन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्षों सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (खनन)/विभागाध्यक्ष (सुरक्षा एवं बचाव) जीपी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं मंच संचालन मुख्य प्रबन्धक (खनन) श्री सौरभ पांडे द्वारा किया गया।

### छत्तीसगढ़ टेंट लाइट ओनर्स एसोसिएशन ने दी फरदीन को श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टेंट लाइट ओनर्स एसोसिएशन के सदस्य भुट्टो राज के बड़े पुत्र मिर्जा फरदीन के निधन पर रविवार को छत्तीसगढ़ टेंट लाइट ओनर्स एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि देने शोक सभा का आयोजन किया। कुंदन पैलेस में आयोजित शोक सभा में सभी व्यापारी बंधुओं ने मिर्जा फरदीन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ टेंट लाइट ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ, संगठन के अशोक गंगवानी, सुभाष, विनोद हरि रामानी, कमल जैन, सौरभ बकल, विक्की रावलानी, इंद्रजीत सिंह गुरदीप सिंह आजमानी, अभिषेक अग्रवाल, महेश हरियाणवी, शंभू मिश्रा, सागर टेंट हाउस, सुशांत दुबे, रिंकू सिंगरौल, कालिका टेंट, जिया टेंट हाउस, सागर टेंट, यादव लाइट के अलावा शहर के सभी टेंट लाइट ओनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया । एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ ने कहा है कि इस दुख की घड़ी में हमारे संगठन के सभी सदस्य भूट्टो राज के परिवार के साथ खड़े हैं।

### ऑब्जर्वर की मौजूदगी में ईवीएम का हुआ सेकंड रेण्डमाइजेशन




**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रवार ईवीएम बांटने का काम सेकण्ड रेण्डमाइजेशन से किया गया। मंथन सभाकक्ष में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया से ईवीएम बांटने का कार्य किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ये कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान विधानसभावार ईवीएम का रेण्डमाइजेशन किया गया। इसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि प्रथम रेण्डमाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र आबंटित किया गया था। वहीं द्वितीय रेण्डमाइजेशन में विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम को आबंटित किया गया है। मतदान केन्द्र आबंटित होने के बाद ईवीएम कमीशनिंग का काम शुरू होगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि कमीशनिंग एवं मॉकपोल के दौरान ईवीएम में किसी प्रकार की खराबी पाए जाने पर रिजर्व मशीनों से बदला जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मशीनों के परिवहन की सूचना भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी। स्ट्रॉग रूम में मशीनों की सीलिंग एवं कमीशनिंग के लिए सील खोलने की प्रक्रिया भी अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा।

# जाति का बंधन तोड़कर हो रहे एक-दूजे के, सरकार भी बना रही लखपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

जाति के बंधन तोड़ कर एक-दूजे का हो जाने की ख्वाहिश की बात करें तो इसके मामले धीरे ही सही लेकिन बढ़ रहे हैं।

- **बिलासपुर में 57 लोगों ने किया इस साल अंतरजातीय विवाह**

पिछले तीन सालों में ही प्रदेश भर में 2838 लोगों ने अंतरजातीय विवाह किया है। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने भी योजना के तहत 55 करोड़ रुपए बांटे हैं। आंकड़ों पर नजर डाले तो शहरी जिलों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई में अंतरजातीय विवाह के मामले बढ़े हैं, लेकिन सुकमा, बीजापुर जैसे जिलों में साल भर में इक्का- दुक्का प्रकरण ही इस तरह के रजिस्टर्ड हो रहे हैं। बिलासपुर की बात करें तो 2023-24 में 57 जोड़ियों ने अंतरजातीय विवाह किया है। इससे पहले 2022-23 में सिर्फ 13 लोगों ने इस तरह एक दूसरे का हाथ थामा था। अंतरजातीय विवाह का चलन तो बढ़ा, लेकिन अभी भी प्रदेश भर में साल 2022-23 1068 लोगों ने ही इसे अपनाया है। हालांकि पिछले साल 2021-22 में इनकी संख्या 957 ही थी। इससे पहले 2020-21 में 801 लोगों ने अंतरजातीय विवाह किया। ज्ञात हो कि सामाजिक समरसता लाने व अस्पृश्यता दूर करने अंतरजातीय विवाह की प्रोत्साहन राशि में भी अब दो लाख की बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां इसके लिए 50 हजार मिलते थे तो अब ढाई लाख मिलेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए विवाह के दौरान दो पक्षों में किसी भी एक पक्ष का अनुसूचित जाति व दूसरे पक्ष का सामान्य अथवा पिछड़ा वर्ग होना अनिवार्य है।

### विवाह की शर्तें और जरूरी दस्तावेज

- युगल में एक दलित और दूसरा दलित समुदाय से बाहर का होना चाहिए
- योजना का लाभ तभी मिलेगा जब शादी हिंदू मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर्ड हो
- केवल पहली शादी पर ही योजना का लाभ, दूसरी शादी पर अपात्र माने जाएंगे
- शादी रजिस्टर करने के बाद जारी मैरिज सर्टिफिकेट होना जरूरी
- युगल में से जो भी दलित समुदाय का है, उसका जाति प्रमाण पत्र आवश्यक
- आवेदन के साथ कानूनी रूप से विवाहित होने का हलफनामा जरूरी
- आय प्रमाण पत्र और जॉइंट बैंक अकाउंट की डीटेल्स देना जरूरी



### 20 मामले जिसमें दंपती अलग भी हो गए

योजना के तहत प्रोत्साहन राशि में 50 हजार रुपए शासन से देय है। शेष 2 लाख की राशि अंबेडकर फाउंडेशन के सहयोग से दी जाती है। यह फाउंडेशन महाराष्ट्र से संबद्ध है, जहां से देश के विभिन्न अनुसूचित जाति बाहुल्य जिले में इस योजना को संचालित किया जा रहा है।

माना जा रहा है कि प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी से अस्पृश्यता मुक्त समाज में विस्तार होगा। हालांकि प्रदेश भर में 20 के करीब ऐसे मामले भी आए जिसमें युवक-युवतियों ने विवाह किया और पहली किश्त एक लाख रुपए लेकर बाकी डेढ़ लाख लेने पहुंचे ही नहीं। यह राशि शासन के पास वापस भेजने की नौबत भी रही। इन्हें पत्र जारी किया गया तो मालूम पड़ा कि शादी के कुछ महीनों बाद ही दंपती अलग भी हो गए। इसी कारण योजना में बदलाव किया गया। अब डेढ़ लाख रुपए की दूसरी किश्त तीन साल के लिए एफडी की जा रही है।

### फैक्ट फाइल

| वर्ष | मामले | पात्र | भुगतान |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 1068 | 705 | साढ़े 15 करोड़ |
| 2022-23 | 957 | 917 | सवा 22 करोड़ |
| 2021-22 | 801 | 741 | 17 करोड़ |

### सैकड़ों आवेदन निरस्त भी किए गए

आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से अंतरजातीय विवाह योजना जिले में संचालित हो रही है। शासन की ओर से जो मापदंड तय किया गया है। जाति प्रमाणपत्र का प्रमाणन समर्थ अधिकारी के माध्यम से होना अनिवार्य है। पिछले तीन सालों में ही 600 से अधिक आवेदन निरस्त भी हुए हैं।

### लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास

जातिगत समाज से हटकर सभी को एकता के सूत्र में लाने का प्रयास है, इसलिए योजना का लाभ और अधिक लोगों को मिले इसके प्रयास जारी हैं। भेदभाव को दूर करने व अंतरजातीय विवाह में अधिक से अधिक लोग शामिल हों, इसके लिए प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की गई है।

- सीके जायसवाल, ज्वाइंट डायरेक्टर आदिवासी विकास विभाग

### कलेक्टर ने 426 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की ली बैठक

# विद्यार्थियों को रिजल्ट के तनाव से दूर करने बनाना होगा अच्छा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्यार्थियों को रिजल्ट के तनाव से दूर रखने एक अच्छे माहौल की जरूरत पर जोर देते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने विस्तृत कार्ययोजना बनाई है। इस संबंध में रविवार को श्री शरण ने जिले के सभी 426 शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव से दूर करने प्राचार्यों को एक अच्छा माहौल बनाने पर जोर दिया। श्री शरण ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को वर्तमान में काउंसलिंग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ₹होप फॉर द बेस्ट बट प्रिपेयर फॉर वर्स्ट₹ मतलब सर्वोत्तम की आशा करें, लेकिन सबसे खराब के लिए तैयार रहें। आगामी सप्ताह में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। ये समय बच्चों और उनके पालकों के लिए अत्यंत संवेदनशील होता है। बिलासपुर जिले के कलेक्टर अवनीश शरण ने परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में होने वाले तनाव को दूर करने हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाई है।



### बताएं, बोर्ड एग्जाम अंतिम परीक्षा नहीं

श्री शरण ने सभी प्राचार्यों ,शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा का तनाव अपनी जगह है परंतु तनाव में एक भी बच्चा अप्रिय कदम ना उठाए, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए अधिकारी गण, प्राचार्य शिक्षक गण और अभिभावक सभी अपनी-अपनी भूमिका को समझें और बच्चे को बताएं की बोर्ड परीक्षा अंतिम परीक्षा नहीं है। उन्होंने स्वयं अपना उदाहरण देते हुए बताया कि दसवीं में मेरे तृतीय श्रेणी था जिसमें गणित में मुझे मात्र 30 अंक मिले थे परंतु आज मैं आईएएस बना हूं।

### आज से फेसबुक पेज पर बच्चों से सीधी बात करेंगे कलेक्टर सहित शिक्षाविद व विशेषज्ञ

कलेक्टर श्री शरण ने विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने कार्य योजना बनाई है, जिसके अंतर्गत 29 अप्रैल से 5 मई तक जिले के आधिकारिक फेसबुक पेज पर सुबह 9 बजे से और शाम 5 बजे से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विवि के कुलपति, प्रमुख शिक्षाविद मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक बच्चों से सीधे संवाद करेंगे। फेसबुक लाइव पेज को ज्वाइन करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला प्रशासन के फेसबुक पेज का लिंक सभी विद्यालयों को शेयर किया गया है। कलेक्टर महोदय निर्देशित किया है कि फेसबुक लाइव का लिंक सभी पालकों एवं बच्चों व्हाट्सएप ग्रुप में भेजें और बच्चों तथा उनके पालक दोनों को फेसबुक लाइव से जोड़ने प्रेरित करें। किसी भी बच्चे अथवा उसके पालक को कोई भी समस्या है तो वह तत्काल मनोवैज्ञानिकों से और जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। यदि कोई बच्चा या पालक फेसबुक पेज में लाइव या सीधा नहीं जुड़ पता है तो बाद में लिंक के माध्यम से मोटिवेशनल स्पीच को देख सकता है।

### मेरीलैंड स्टेंट विवि ने किया सम्मानित

# हर्ष व पुष्पराज को अमेरिका के विवि ने दी डाक्ट्रेट व डी.लिट की उपाधि




- **समाज में शिक्षा के क्षेत्र में दिया विशेष योगदान**

**बिलासपुर।** शहर के दो युवाओं प्रोफेसर हर्ष पांडेय और डॉ पुष्पराज लाजरस को 28 अप्रैल को मेरीलैंड स्टेंट विश्व विद्यालय अमेरिका ने उनके समाज में योगदान के लिए मानद उपाधि प्रदान किया। प्रोफेसर हर्ष पांडेय एक युवा समाजशास्त्री हैं। उन्हें जनजाति समाज और भारतीय समाज के विशेषज्ञ के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में जाना जाता है। उन्होंने पड़ो, कंवर, उरांव, बैंगा आदि जनजातियों पर विशेष अध्ययन किया है। वे शहर के प्रसिद्ध हर्ष ट्यूटोरियल्स और हर्ष सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान के संस्थापक हैं। उनके संस्थान से अनेक युवा विभिन्न शासकीय विभाग में चयनित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्हें डाक्ट्रेट की मानद उपाधि ₹आदिवासी व पिछड़े क्षेत्रों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदान की गई है। डॉ पुष्पराज लाजरस शुभम विहार के रहने वाले हैं तथा शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली जिला कोरबा के प्रभारी प्राचार्य हैं। उन्हें आदिवासी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के उन्नयन के लिए डी. लिट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ लाजरस ने पाली क्षेत्र में आदिवासी बालिकाओं के उच्च शिक्षा के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने आस पास के गांवों में आटो रिक्शा के द्वारा प्रचार प्रसार करते हुए बालिकाओं के अभिभावकों को उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाया । विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बस मालिकों से व्यक्तिगत रूप से बात कर उसके समय में थोड़ा फेरबदल कराया। फलस्वरूप शासकीय महाविद्यालय पाली में बालिकाओं के प्रवेश में अप्रत्याशित सफलता मिली। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं का विकास कर महाविद्यालय को क्लीन व ग्रीन कैंपस में परिवर्तित कर दिया। महाविद्यालय को बी ग्रेड के साथ पीएम उषा योजना के तहत पांच करोड़ रुपए कॉलेज के विकास के लिए प्रदान किया गया है।

# कांग्रेस नेताओं को टारगेट करने से नहीं होगा लाभ

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पहले दो चरण में जो हुआ है, उससे बेहतर हमारा परफॉर्मेंस लास्ट चरण में होगा। श्री पायलट के अनुसार हमारा जो चुनाव है मेनिफेस्टो के आधार पर और विचारधारा के आधार पर है। 5 साल का हमारा सकारात्मक रोड मैप क्या है, हम उस पर चर्चा कर रहे हैं।



चुनाव परिणाम को लेकर पायलट ने कहा कि यह 4 जून को पता चलेगा, लेकिन जो फीडबैक हमें मिल रहा है, वह सकारात्मक है। जो बड़ी-बड़ी बातें भाजपा बोल रही है कि 400 पार वह दूर-दूर तक असलियत में नहीं है। पायलट ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुझे बड़ा दुख है कि जो सत्ताधारी दल है और जिनकी सरकार पिछले 10 सालों से दिल्ली में है उनका काम सिर्फ भाषण देने का है। यह सरकार सिर्फ व्यक्तिगत हमले करना जानती है। कभी वो प्रियंका गांधी के बारे में बोलते हैं तो वो कभी राहुल गांधी के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर बात करते हैं जिसका कोई लाभ नहीं है। इन नकारात्मक बात को जनता खूब समझ रही है। पायलट के अनुसार पहले दो चरण में बीजेपी बैकफुट में है, यह उनके भाषण में दिख रहा है। चुनाव परिणाम को लेकर पायलट ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया एलायंस के हर उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ रहा हैं और हम जीत रहे हैं। श्री पायलट ने कहा कि लोग कांग्रेस के साथ है। मुस्लिम तुष्टिकरण के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी कोशिश कर रही है कि ध्यान डायवर्ट किया जाए और जाति धर्म जज्बात पर चुनाव लड़ा जाए। हम चाहते हैं कि किसान, महिला नौजवान हर वर्ग को आगे ले जाने का काम करें। हमारे मेनिफेस्टो में जो लिखा है वह साफ-साफ ब्लैक एंड व्हाइट में लिखा है। उसको आप मनगढ़ंत बातें कह रहे हैं और अकल्पनीय बता रहे हैं। भाजपा बात कर रही है मंगलसूत्र की, मंदिर मस्जिद की, हिंदू मुस्लिम की और हम बात कर रहे हैं मनरेगा और एमएसपी की।


### आटो की श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**बिलासपुर।** जिले में हर मतदाता को जागरूक करने और मतदान केन्द्र तक लाने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप की गतिविधियां व्यापक पैमाने पर चलाई जा रही है। जिले के ऑटो चालकों ने भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया है। आरटीओ और यातायात पुलिस के जरिए इस अभियान को गति देते हुए शनिवार को पुलिस परेड ग्राउंड में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑटो चालकों ने ऑटो के जरिए शत प्रतिशत वोट की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला ऑटो संघ के सदस्यों को लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

तृतीय पुण्यतिथि

आज आपके निधन को तीन साल पूरा हो चूका हैं,
लेकिन हम आपसे आज भी उतना ही प्यार करते हैं,
जितना हम आपसे पहले किया करते थे,
कृपया अपने चरणों में हमारा नमन स्वीकार करें।

आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदा बना रहे



स्व. श्री जगन्नाथ कश्यप
(जन्म 01.01.1946 - स्वर्गवास : 29.04.2021 )
तृतीय पुण्यतिथि पर
सादर नमन् व श्रद्धांजलि

श्रीमति तारा कश्यप (पत्नी)
पुत्र एवं पुत्रवधु : उधो कश्यप - उषा कश्यप
माधव कश्यप - किरण कश्यप, केशव कश्यप - ममता कश्यप
उदित कश्यप, सोनल कश्यप , आदित्य कश्यप,
विवेक कश्यप, ओम कश्यप, महिमा कश्यप, तेलीपारा बिलासपुर

### जिला बाल संरक्षण विभाग ने दी चेतावनी

# शादी से पहले पूछें वर वधु की आयु, बाल विवाह के कार्ड छापे, टेंट लगाया या भवन दिया तो होगी जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाल विवाह में किसी भी प्रकार की सेवा देने या शामिल होने पर जेल और जुर्माना हो सकता है। किसी भी विवाह में सेवा देने से पूर्व वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने की पुष्टि कर लें।

- **चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर दें सूचना, होगी कार्रवाई**

वर-वधु के आयु से संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद ही अपनी सेवा प्रदान करें अन्यथा बाल विवाह प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी वैवाहिक पत्रिका प्रिंटर्स संचालक, टेंट-प्रदाता, शादी भवनों के प्रबंधक, कैटरर्स, बैंड वाले एवं डेकोरेटर्स को जागरुक होने कहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि हमेशा अक्षय तृतीया पर बाल विवाह किया जाता है। बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है।

बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में वृद्धि होती है। बाल विवाह प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 अंतर्गत विवाह के लिए बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। बाल विवाह प्रतिशेध (संशोधन) अधिनियम 2016 की धारा 10 एवं 11 अंतर्गत जो कोई किसी बाल विवाह को संपन्न करेगा, संचालित करेगा या निर्दिष्ट करेगा, दुष्प्रेरित करेगा वह दो वर्ष के कठोर कारावास से और एक लाख रुपए तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह किए जाने संबंधी सूचना अपने सामाजिक स्तर पर प्रसारित करें। बाल विवाह की सूचना होने पर चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 अथवा नजदीकी थानें को जानकारी दे सकते हैं।

बाल विवाह को रोकने के लिए विभाग समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम रखता है और लोगों को कम उम्र में बच्चों की शादी करने से रोकने की अपील करता है। बाल विवाह होने की सूचना पर विभाग संबंधितों के खिलाफ जेल और जुर्माना लगाने जैसी कार्रवाई करता है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## संस्कार शिविर

### मन में अच्छे विचार से सहज छूट सकती हैं खराब आदतें



**राजकिशोरनगर में बाल संस्कार शिविर उड़ान का शुभारंभ**

**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में रविवार को बाल संस्कार शिविर उड़ान का शुभारंभ हुआ। इसमें प्रथम दिन लगभग 40 बच्चों की सहभागिता रही। शिविर के आरंभ में बीके प्रीति बहन ने मन को एकाग्र करने के लिए कॉमेन्ट्री के साथ मेडिटेशन एवं अमर भाई व गौरी बहन की टीम ने व्यायाम, आसन, प्राणायाम का प्रारंभिक अभ्यास कराया। बीके गायत्री बहन ने कहा कि मन को अच्छे विचारों से भर लें तो बुरी आदतें सहज छूट सकती है। बीके प्रीति ने कहा कि बच्चों की रूचि को देखते हम बहुत उत्साहित है। एक-दो दिन में पूरा हाल बच्चों से भर जाएगा तो रौनक और बढं जाएगी। आगे बच्चों को हर विषय का रोचक और गहराई के साथ अभ्यास कराया जाएगा।

"हवा में उड़ता जाए मेरा लाल दुपट्टा..., साजन की गलियां छोड़ चलें..., उठाए जा सितम.., तेरे बिन मैं क्या तेरे बिन तुम क्या...आदि गीतों की प्रस्तुति से पूरा माहौल लतामय हो गया। मौका था आरोही संगीत परिवार द्वारा सीएमडी चौक स्थित आईएमए हॉल में आयोजित आरोही सुरमाला संध्या का। इसमें मुंबई से आईं सिंगर मधुमीता पुल ने सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर के गाए गीतों को अपने सुमधुर आवाज में पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**श्रोताओं को बांधे रखा देर रात तक**

आरोही सुरमाला संध्या में विशेष वाद्य यंत्रों की धुन के बीच गायक कलाकार मुंबई से आईं सिंगर मधुमीता पुल ने प्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर के गाए गीत-आएगा आएगा आनेवाला..., पतझड़ सावन बसंत बहार.., दुश्मन न करें दोस्ती ये काम किया है...सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति देकर शमां बांध दिया। इसका उपस्थित श्रोता देर रात तक आनंद लेते रहे। आर्केस्ट्रा ग्रुप के साथ दी गई इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। आक्सोपैड पर पीटर मुदलियार, गिटार पर आशीष किशोरिया, ढोलक पर उमाशंकर एवं आर्गन पर बंटी ने संगति दी।

### आरोही सुरमाला संध्या में सिंगर मधुमीता ने दी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति, माहौल बना संगीतमय

# हवा में उड़ता जाए मेरा लाल दुपट्टा..



**गा रही सालों से**

सिंगर मधुमीता पुल विगत 15 सालों से गायन के क्षेत्र में है। अभी तक उनके द्वारा देश के अनेक स्थानों में जाकर गीतों की प्रस्तुति दी जा चुकी है। उनके द्वारा ज्यादातर लता मंगेशकर के गाए गीत गाए जाते हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरोही परिवार के प्रमुख राजेश गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा हर गीत-संगीत का आयोजन कराया जाता है, पर इस बार यह उनका एक बड़ा आयोजन है। इस आयोजन का उद्देश्य संगीत को लेकर लोगों को जागरूक करना, गायक कलाकारों की प्रतिभा को सामने लाना एवं आज के इस दौड़-भाग भरी जिंदगी में शहरवासियों का मनोरंजन करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश गुप्ता, सचिव विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष अनिल पोहरे, सलाहकार पंकज खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी अतुलकांत खरे, सदस्य मयूरी खंडेलवाल आदि पदाधिकारियों का सहयोग रहा। इस मौके पर दया वर्मा सहित अन्य कला प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित थे।



**पुराने गीत होते हैं कर्ण प्रिय**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरंजन नाथ, अरूण खेत्रपाल थे। इन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से पुराने गीतों की याद ताजा हो जाती है। गीत-संगीत वैसे भी कर्ण प्रिय होते हैं। जिसे सुनने से मन आनंद से भर जाता है। अंत में गायक कलाकारों व अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किया गया।

## साहित्य समागम

### डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा स्मृति साहित्य समागम 1 मई को

**बिलासपुर।** भाषाविद् एवं साहित्यकार डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा के 96 वें अवतरण दिवस पर 1 मई को साहित्य समागम, सद्भावना विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर जाने माने साहित्यकार और प्रबुद्धजन विमर्श करेंगे। सद्भावना परिवार के संस्थापक राजीव अग्रवाल ने जानकारी दी कि 1 मई सुबह 10 बजे से श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित होटल में काव्य गोष्ठी,पुस्तक विमोचन और संदर्भ विमर्श व्याख्यान होगा।



**काव्य गोष्ठी पुस्तक विमोचन और संदर्भ विमर्श-व्याख्यान का आयोजन**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव और अध्यक्षता अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेयी करेंगे। विशिष्ट अतिथि रमन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरपी दुबे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल,विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला और विधायक अटल श्रीवास्तव होंगे। इस अवसर पर डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विमर्श होगा, जिसमें डॉ. राजन यादव खैरागढ़, डॉ.बिहारी लाल साहू रायगढ़, डॉ. चितरंजन कर रायपुर, रामेश्वर वैष्णव रायपुर, डॉ. अजय पाठक बिलासपुर, डॉ. देवधर महंत बिलासपुर और सरला शर्मा दुर्ग अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा की पुस्तक "तिरिया जनम झनि देय़ " तृतीय संस्करण ,"सुसक झन कुररी सुरता ले" द्वितीय संस्करण , सरला शर्मा की पुस्तक "दुबे दास्ताँ" और "डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा स्मृति ग्रंथ" का विमोचन होगा।

## जाग्गों, गिद्दा, भांगड़ा में झूमीं महिलाएं



**बिलासपुर।** खालसा सुखमनी समिति गोड़पारा ने बैसाखी पर्व धूम-धाम से मनाया। इसमें खालसा सुखमनी के सभी सदस्य मौजूद थे। अतिथि के रूप में पम्मी गुंबर व शशी आहूजा उपस्थित थे। कार्यक्रम में जाग्गों, गिद्दा, भांगड़ा, पंजाबी गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसमें बच्चे व महिलाओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगजीत कौर उबेजा, निर्मलजीत,नीना जसबीर आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर मीनू उवेजा, रिंकल सलुजा, तन्नु डोरे, डिंपल छाबड़ा, मोनिका, सोनल, हर्षी, सिम्मी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



**खालसा सुखमनी समिति ने मनाया बैसाखी**





## गुरुतेग बहादुर साहेब के प्रकाश पूरब पर सजा विशेष दीवान



बिलासपुर। गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा दयालबंद में समूह साध संगत के सहयोग से धन-धन श्री गुरुतेग बहादुर साहेब का पावन प्रकाश पूरब श्रध्दा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को भी विशेष दीवान सजाया गया। प्रकाश पूरब को मुख रखकर रविवार को सुबह से ही विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें सुबह 7 बजे से पाउंटा साहेब से आए जत्था भाई अर्जुन सिंह परवान, हजूरी रागी जत्था गुरूसिंघ दयालबंद भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी गुरुद्वारा दयालबंद ने हाजिरी भरी। शाम का विशेष दीवान सात बजे से आरंभ हुआ। जिसमें पाउंटा साहेब से आए जत्था भाई साहब भाई अर्जुन सिंह परवान हजूरी रागी जत्था गुरूसिंघ दयालबंद भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी ने हाजिरी भरी। समूह साध सुबह से ही गुरुद्वारा दयालबंद साहिब पहुंच कर कीर्तन का आनंद ले रहें है।



**कल मनेगा प्रकाश पर्व**

मंगलवार 30 अप्रैल को धन धन श्री गुरु अर्जुन देव का प्रकाश पर्व उत्साह से मनाया जाएगा। सुबह का विशेष दीवान 7 से 9:15 बजे तक एवं शाम का विशेष दीवान 7 से 9:15 बजे तक सजाया जाएगा। फिर गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा। दोनों विशेष दीवान में पाउंटा साहिब से आए जत्था भाई अर्जुन सिंह परवान, हजूरी रागी जत्था भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी हाजिरी भरेंगे। गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद की प्रबंधक कमेटी समूह साध संगत के सहयोग से प्रकाश पूरब की तैयारी में लगी हुई है।

## स्पोर्ट्स न्यूज

### पवन के अर्धशतक से बिलासपुर ने जशपुर को 8 विकेट से हराया

**बिलासपुर।** पवन परनाते की तूफानी और नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बिलासपुर ने जशपुर को 8 विकेट से हरा दिया। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को बिलासपुर और जशपुर के बीच रायपुर के वीर नारायण इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच खेला गया। इसमें जशपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 121 बनाए । बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रवीण कुमार यादव और अतुल शर्मा ने दो-दो विकेट प्राप्त किया एवं वासुदेव बरेथ और परिवेश धर ने एक-एक विकेट प्राप्त किया । 122 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम को शुरूआती दो झटके लगे । इसके बाद विकेट कीपर पवन परनाते और मयंक यादव के बीच 106 रन की नाबाद साझेदारी हुई और जीत आसान हो गई। पवन परनाते ने 51 गेंद में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 62 रन बनाए। वहीं मयंक यादव ने भी 40 गेंद का सामना करते हुए 48 रन बनाए, जिसमें 6 चौक शामिल थे। इसके साथ ही बिलासपुर ने 8 विकेट से ये मैच अपने नाम किया और चार अंक हासिल करने में सफल हुई। बिलासपुर अपना तीसरा मैच 30 अप्रैल को बीएसपी के साथ खेलने उतरेगी।

**सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप**



**पवन 62* और मयंक 40* के बीच हुई 106 रनों की नाबाद साझेदारी**

**बिलासपुर ब्लू को भिलाई से मिली हार :** सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में बिलासपुर ब्लू और भिलाई के बीच खेला गया। भिलाई के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 177 बनाए। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने शानदार गेंदबाजी की।

### दस दिवसीय पूजा महोत्सव में दक्षिण भारतीय शैली में देवी के विविध स्वरूपों की हुई पूजा

# 21 व्यंजनों से महाकुंभम के साथ सोलापुरी पूजा का समापन


**कार्नर न्यूज**

**बिलासपुर।** महाकुंभम पूजा के साथ श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव का रविवार को समापन हो गया। शाम को वापसी यात्रा निकालकर देवी का प्रतीकात्मक विसर्जन किया गया। बारह खोली चौक स्टेशन रोड बंगला यार्ड में विगत 10 दिनों से श्री सोलापुरी माता पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा था। यहां दक्षिण भारतीय शैली में देवी के विविध स्वरूपों की स्थापना कर उनकी पूजा अर्चना की गई। आयोजन के अंतिम दिन देवी को महाकुंभम का महाभोग अर्पित किया गया। सोलापुरी माता पूजा में देवी के अलग-अलग स्वरूप को प्रतिदिन विविध प्रकार के भोग अर्पित किए जाते हैं लेकिन श्रद्धालुओं को लगता है कि मेहमान के रूप में घर आई माता को अल्प अल्प प्राप्त भोग से वह पूर्ण संतुष्ट नहीं हुई, इसलिए उन्हें अंतिम दिन महाकुंभम के रूप में महाभोग लगाया गया। जिसके लिए न्यू बाबू लाइन कॉलोनी स्थित जी षणमुख राव के निवास से मधुसूदन राव और वी मोहिनी के सौजन्य से महाकुंभम शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं थाल में विशाल आकार के व्यंजन लेकर गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ पूजा पंडाल पहुंचीं। देवी को अर्पित करने के लिए विशाल आकार के 21 प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए थे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवी को महाकुंभम का भोग अर्पित करने के बाद यहां समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें शामिल होकर करीब 5 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**वापसी शोभायात्रा निकली**

रविवार शाम को ही पूजा पंडाल से वापसी शोभायात्रा निकाली गई। देवी को लेकर आयोजन समिति और बाल पुजारी उसी मार्ग से वापस त्रिपुर सुंदरी मरी माई मंदिर लौटे, जिस मार्ग से देवी आई थी। इस अवसर पर वॉयरलैस कॉलोनी, खुदीराम बोस चौक, तारबाहर, गणेश मंदिर चौक, बड़ा गिरजा चौक, कासिमपारा, हेमू नगर आदि स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मां मरी माई मंदिर में देवी का प्रतीकात्मक विसर्जन किया गया।



**लकी ड्रॉ से निकला इनाम**

आयोजन के अंतिम दिन माता के श्यामा काली स्वरूप के दर्शन के लिए विधायक धरमलाल कौशिक, भूपेंद्र सवन्नी और फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के प्रिंस भाटिया पहुंचे, जिन्होंने लकी ड्रॉ निकालकर बच्चों को स्टेशनरी सामग्री और महिलाओं को साड़ी, चांदी का फोटो फ्रेम और सोने की पॉलिश की हुई माता की प्रतिमा भेंट की। सोमवार को कष्ट6 पूजा के साथ आयोजन का समापन होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि विसर्जन को अनुशासित ढंग से संपन्न कराने और पंडाल पहुंचे श्रद्धालुओं की सेवा करने में श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति के पुरुष और महिला वॉलिंटियर पूरे 10 दिनों तक तत्पर रहे।

28-APR-REGNOL-pg-4-COMON_Layout 1 4/28/2024 11:42 PM Page 1



# 579 स्कूल भवनों की मरम्मत कराने मिले थे 15 करोड़, अब तक 324 भवनों का ही हो सका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने में कुछ माह बचे है। विभागीय लापरवाही के चलते कई स्कूलों की मरम्मत व सुधार कार्य अब तक नहीं हो पाया है। जिसके चलते बच्चों को उसी आधे-अधूरे व जर्जर स्कूल भवन में भविष्य गढ़ना पड़ेगा।

जिले में 579 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृति के लिए भेजा गया था। जिसमें से समग्र शिक्षा व शिक्षा विभाग से 542 स्कूलों की स्वीकृति मिली। जिसके लिए 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार की स्वीकृति मिली थी। जिसमें से 10 करोड़ 99 लाख 30 हजार रुपए उपलब्ध हुआ था। मरम्मत के लिए एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बनाया गया था। एक साल गुजर जाने के बाद अब तक मात्र 324 स्कूल भवनों का मरम्मत कराया गया। आज भी 182 स्कूल भवन प्रगतिरत है तथा 36 का मरम्मत अब तक शुरू नहीं हो पाया है। कई भवनों की हालत मरम्मत की राशि खर्च होने के बाद भी समस्या बनी हुई है। आज भी कई स्कूल भवन ऐसे है जहां छत से पानी टपकता है। प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है, दरारें आ गई हैं। वही कुछ भवनों में मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि प्राप्त नहीं हुई है। भवनों की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद शेष स्कूलों के लिए फंड मिलता, लेकिन काम पूरा नहीं होने के कारण इस सीजन में बाकी भवनों की मरम्मत संभव नहीं है। 16 जून से इन्हीं स्कूलों में बैठकर बच्चे पढ़ाई करेंगे।



### रिपोर्ट मंगाई जा रही है

जर्जर स्कूलों की मरम्मत का काम आरईएस द्वारा कराया जा रहा है। उनके द्वारा रिपेयरिंग की जानकारी दी जाती है। स्कूल के प्राचार्य व संबंधित संकुल तथा बीईओ से अलग-अलग स्कूल में की गई मरम्मत कार्यों की रिपोर्ट मंगाई जा रही है।

-सीके धृतलहरे, डीईओ मुंगेली

### 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार स्वीकृत किए थे

उल्लेखनीय है कि जर्जर स्कूलों का मामला विधानसभा में उठा तो तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने स्कूल जतन योजना के तहत जिले के 542 स्कूलों की मरम्मत के लिए 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार स्वीकृत किए थे। कलेक्टर की निगरानी में काम होना था। पहली बार पंचायतों के बजाए आरईएस को काम दिया गया। वही दूसरी ओर स्वीकृत कार्यों को परिवर्तन कर स्कूल के अन्य कार्य कराए जा रहे है। आरईएस के पास पर्याप्त इंजीनियर व 3 एसडीओ पदस्थ हैं, फिर भी काम में इतनी लेटलतीफी। नगर के ही कई स्कूलों की हालत बहुत जर्जर है रायपुर रोड फोकटपारा स्थित रामानुज देवांगन प्राथमिक शाला, नगर पालिका स्कूल, रमाबाई पाण्डेय स्कूल मरम्मत के विरोध में पैरेंट्स ने आवाज उठाई। कुछ स्कूलों में जहां छत से पानी टपकने, दरार या प्लास्टर गिरने जैसी शिकायत थी, वहां भी कोई काम नही हुआ।

## खबर संक्षेप

### आत्मानन्द स्कूल का रिजल्ट 30 को



**लोरमी।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में कक्षा एलकेजी से 11वीं की परीक्षाएं आयोजित की गई। उतर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण होने के पश्चात परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल बुधवार को प्रातः 11 बजे घोषित किया जाएगा। यह जानकारी परीक्षा प्रभारी कंचन कर्मकार एवं संस्था के प्राचार्य अरूण जायसवाल ने दी।

### शेख वली उल्लाह को डॉक्टरेट की उपाधि



**रतनपुर।** पिछले 18 वर्षों से वैल्थ मैनेजमेंट सेवा, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक कार्य के आधार पर शेख वली उल्लाह को वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन के द्वारा दिल्ली में डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर बालीवुड एक्ट्रेस दिया मिर्जा, रिटायर्ड इंडियन मिलिट्री ऑफ़िसर योगेन्द्र सिंह यादव, इन्टरनेसनल रेसलर नर्सिंग यादव, अविनाश सक्सेना, बंगलादेश के मिनिस्ट्री पब्लिक एंड मिनिस्ट्रेसन प्रेस के वरिष्ठ शाबान मह्मूद उपस्थित थे।

### स्टेट क्रिकेट टीम में आयुष का चयन



**सीपत।** नेशनल क्रिकेट अंडर 17 सॉफ्टबॉल की छत्तीसगढ़ टीम में सीपत के समीपस्थ ग्राम मटियारी के आयुष शिकारी का चयन बतौर ऑलराउंडर क्रिकेट प्लेयर के रूप में हुआ है। उनका मैच राजस्थान के जयपुर शहर में होगा। छत्तीसगढ़ टीम अंडर 17 में चयन होने पर कोच एवं चीफ सेलेक्टर नितिन राय ने आयुष के बेहतर ऑलराउंडर प्रदर्शन पर अच्छे खेल से नेशनल स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित करने की बात कही।

## पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में हो रहा बदलाव

# रूक-रूक कर बारिश, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। क्षेत्र में रूक-रूक कर बारिश होती रही। बारिश से गर्मी से आंशिक राहत मिली। मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के चलते लोगों के स्वास्थ्य पर असर हो रहा है। अप्रैल में कभी तेज गर्मी तो कभी ठण्ड के साथ पिछले एक सप्ताह से मौसम में आए बदलाव से रूक-रूक कर हो रही बारिश से लोगों की दिनचर्या पर असर पडा है।

शनिवार की शाम से ही बदली छाए रहने के बाद दूसरे दिन सुबह बारिश होने से मौसम सर्द हो गया। एकाएक तेज हवाओं से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और लोग सुरिक्षत ठिकाना तलाश करते नजर आए। मौसम में बदलाव अभी और कायम रहने की विभाग ने चेतावनी दी है। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली का कहर बना रहा। अप्रैल के पहले सप्ताह से ही बढ़ती गर्मी से लोगों का दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया था। तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। लोग गमछे से सिर व चेहरे को ढंककर ही घर से निकलते थे। वहीं पिछले तीन-चार दिनों से अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल छा जाते है। तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो जाती है। आज सुबह 7 बजे के बाद बूंदाबांदी एवं बारिश के चलते धरती की तपिश ठंडी रही। बारिश के चलते वैवाहिक समारोह वाले परिवार के लिए दिक्कतें खड़ी हो रही है।



तेज हवाओं के साथ बारिश।

### बिजली व्यवस्था रही बाधित

आंधी तथा बेमौसम बारिश से शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही। कई इलाकों में देर रात तक आपूर्ति शुरू नहीं हुई थी। हालांकि सुधार के बाद शहर सहित अनेक इलाकों में बिजली व्यवस्था बहाल कर ली गई थी। लेकिन रात भर ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। तेज हवा व आंधी से अनेक स्थानों पर विद्युत तार टूट गए। विद्युत वितरण विभाग के कर्मियों को फाल्ट ढूंढने व सुधार करने में काफी मशक्कत करना पड़ा। शहर सहित सब स्टेशन भी प्रभावित हुए।

### तखतपुर क्षेत्र में भी हुई बारिश

**तखतपुर।** सुबह सुबह आंधी के साथ बारिश होने से लोगों को लू के थपेड़ों से राहत मिली। वहीं बारिश होने से मौसम में दिनभर शीतलता बनी रही। इन दिनों पूरा क्षेत्र भीषण लू के प्रकोप से परेशान है। सुबह होते ही गर्मी का एहसास होने लगता है और जैसे जैसे सूरज चढ़ता जाता है गर्मी बढ़ने लगती है। लोग इससे बचने टोपी, गमछा के साथ घर से बाहर निकल रहे है। आज सुबह अचानक मौसम बदला। जोरों की आंधी आई और फिर बारिश हुई। सुबह सुबह बारिश हो जाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिनभर बदली भी छायी रही, इस कारण लोग गर्मी से बचे रहे। इन दिनों लोग गर्मी से हलाकान है। हर तरफ गर्मी से बचने के लिए लोग अपनी सुविधा अनुरूप उपाए कर रहे है। कहीं ठण्डे पानी का सेवन, कूलर, एसी तो कहीं जलजीरा, गन्ना, आमपना का भी सेवन लोग कर रहे हैं।

# नेशनल हाइवे पर ट्रक ड्रायवर के साथ लूटपाट करने वाले गिरफ्तार

**सरगांव।** नेशनल हाइवे पर ट्रक ड्रायवर से लूट करने वाले आरोपियों को पकड़ने में मुंगेली पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से नकद रकम व हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

- पआदतन बदमाशों को पुलिस ने रतनपुर से किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 6 मस्जिद पारा लखनपुर जिला अंबिकापुर निवासी मुमताज खां पिता जुम्मन खां उम्र 45 साल 24 अप्रैल को बलौदाबाजार से भारत बेंज कंपनी के ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीई 1055 में सीमेंट लोड कर रामानुजगंज जाने निकला था। 25 अप्रैल को रात होने पर वह बरमदेव ढाबा सरगांव के पास नेशनल हाइवे के किनारे ट्रक को खड़ा कर सो गया। तड़के करीब 3.45 बजे कुछ लड़के कैबिन से चढ़कर ट्रक के अंदर आए और मुमताज खां के साथ मारपीट कर नकद 3 हजार रुपए लूट कर भाग गए। 25 अप्रैल को मुमताज खां घटना की रिपोर्ट सरगांव थाने में लिखाई। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस ने जयप्रकाश प्रधान पिता स्व. लखनलाल प्रधान उम्र 18 साल साकिन करईहापारा रतनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों का नाम बता दिया। उसके बताए अनुसार पुलिस ने अन्य आरोपी रोशन निर्मलकर पिता रामेश्वर निर्मलकर उम्र 18 वर्ष पता वार्ड नंबर 4 रतनपुर, संजू दुबे उर्फ संजू बाबा पिता अनुज दुबे उम्र 20 वर्ष पता वार्ड नंबर 3 रतनपुर, आलोक देवांगन पिता कृष्णा देवांगन उम्र 18 वर्ष पता नूतन चौक रतनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपराध करना कबूल कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

### आरोपियों के खिलाफ पहले से आपराधिक रिकार्ड

आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकार्ड आलोक देवांगन पिता कृष्णा देवांगन उम्र 18 वर्ष पता नूतन चौक रतनपुर, जिला बिलासपुर के विरूद्ध थाना रतनपुर में धारा 147, 294, 506, 323 भादवि, धारा 394, 34 भादवि. धारा 294, 452, 323, 506, 34 भादवि. एवं धारा 294, 506, 323 भादवि., होना पाया गया है। रोशन निर्मलकर पिता रामेश्वर निर्मलकर उम्र 18 वर्ष पता वार्ड नंबर 4 रतनपुर के विरूद्ध थाना रतनपुर में धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, धारा 294, 452, 323, 506, 34 भादवि का पूर्व अपराधिक रिकार्ड का होना पाया गया है। इस प्रकार दोनों आरोपी लूटपाट एवं मारपीट करने के आदतन अपराधी हैं।

# परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी में जुटा सर्व ब्राह्मण परिषद



**पेंड्रा।** जिले के सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाने के लिए व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई थी। यह बैठक हनुमान मंदिर अंजनी वाटिका पेंड्रा में रखी गई थी। इस बैठक में भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव मनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इस बैठक में सर्व ब्राह्मण परिषद विप्र समाज के लोगों ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें इस बैठक में व्यवस्था को लेकर चर्चा करने के साथ ही व्यवस्था सौंपी गई है। जहां अलग-अलग व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही इस वर्ष दो दिनों का भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर 9 मई को महिलाओं बच्चों के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें महिला एवं बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता बच्चों के लिए नृत्य गायन की प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। साथ ही जन्मोत्सव के अवसर पर 10 मई 2024 को पूजन एवं शोभायात्रा के समापन के पश्चात, वरिष्ठों एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है। वही इस बैठक के अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व ब्राह्मण परिषद के पवन त्रिपाठी, आदित्य पांडेय, आलोक तिवारी, डॉक्टर संजय शर्मा, डॉ मृत्युंजय शर्मा, श्रीकांत चतुर्वेदी, उपेंद्र तिवारी, उज्जवल तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, बलराम तिवारी, चंद्रकांत शर्मा, चंदन मिश्रा, सचिन तिवारी, अनुपम पांडे, जय दत्त तिवारी, विकास शर्मा, सूर्यकांत चतुर्वेदी, शिव शंकर तिवारी, जय त्रिपाठी, विमल मिश्रा, महेश मिश्रा, बाबूलाल पांडेय, प्रखर तिवारी, अंबुज तिवारी, विनोद कुमार शुक्ला, देवेंद्र अग्निहोत्री, योगेश तिवारी, रमेश चतुर्वेदी, मनीष त्रिपाठी, अक्षय तिवारी, मुकेश द्विवेदी, विजेंद्र कुमार पांडे, सत्यनारायण शर्मा सहित विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कथा श्रवण करने से जीवन में आती है खुशहाली: पं. अभिषेक

**बेलतरा।** ग्राम कडरी में गोस्वामी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस में कथा वाचक अभिषेक अरुण महाराज जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी का विवाह ब्राह्मणों की उपस्थिति में वेद मंत्रों द्वारा सम्पन्न कराया गया। द्वारिका में आनंद का अवसर था। विवाह यज्ञ है इसे मनोरंजन के दृष्टि से कभी भी आंकलन नहीं करना चाहिए। विदर्भराज भीष्मक की प्यारी लक्ष्मी स्वरूपा कन्या माता रुक्मिणी जी और वसुदेव नंदन श्री कृष्ण जी के इस विवाह आख्यान को जो भी श्रोता श्रवण करते हैं उनके गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता आती है। कथा के मुख्य यजमान संजय गिरी गोस्वामी गायत्री देवी गोस्वामी है।

# खुले बाजार में चावल बेचने की शिकायत, जांच शुरू

**बिल्हा।** ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में सफुरा महिला समूह के द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान में हितग्राहियों का मशीन में फिंगर प्रिंट लेकर खुले बाजार में चावल बेचने का मामला सामने आया है। इस बीच बाजार से 25 क्विंटल चावल लाकर सोसायटी में भंडारित पकडा गया। उप सरपंच मनोज सिन्हा ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

- ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में सफुरा महिला समूह द्वारा किया जा रहा संचालित



पिकअप में लोड चावल।

जानकारी के अनुसार सेल्समेन रिहान टंडन द्वारा चावल समाप्त होने की बात कहकर चावल वितरण रोक दिया गया था। लेकिन हितग्राहियों का मशीन में फिंगर प्रिंट लेकर ऑनलाइन वितरण दिखाता रहा।

शंका होने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उप सरपंच मनोज सिन्हा से की। जिस पर खाद्य विभाग से जानकारी लेने पर दोनों माह का राशन आबंटित होना पाया गया। सेल्समैन बाजार से चावल लाकर सोसायटी में भंडारित करने लगा। पिकअप चालक द्वारा चावल का वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर इसकी सूचना उप सरपंच ने बिल्हा थाने में दी।

सेल्समेन ने बताया कि लगभग 100 क्विंटल चावल स्टॉक में नहीं है जिसकी पूर्ति बाजार से लाकर की जा रही थी। वहीं मामले को बिल्हा थाना प्रभारी के द्वारा फूड इंस्पेक्टर को जांच के लिए सौंप दिया गया है।

## निधन

### डा. जगदीश प्रसाद



**जरहगांव।** बरेला निवासी डॉ. जगदीश प्रसाद जायसवाल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. केके जायसवाल, डॉ.श्याम कुमार जायसवाल के पिता एवं डॉ. अभिषेक जायसवाल, आलोक व सिद्धार्थ के दादा थे।

### बीपी तिवारी

**लोरमी।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 11 मजगांव निवासी



सेवानिवृत औषधि संयोजक बीपी तिवारी का 84 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे अरविंद तिवारी, रविंद्र तिवारी, अश्वनी तिवारी, विकास तिवारी के पिता थे।

### श्रीमती उमा बाई सन्नाट

**बिलासपुर।** ग्राम दगौरी (बिल्हा) निवासी श्रीमती उमा बाई सन्नाट का



60 वर्ष की आयु में 27 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम दगौरी में किया गया। ये ईश्वर प्रसाद सन्नाट की पत्नी, घनश्याम कौशिक की बहन और लक्ष्मीनारायण, जय नारायण सन्नाट की मां थीं।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत



**मल्हार।** चौकी क्षेत्र के गांव में रविवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक ग्रामीण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम विद्याडीह निवासी ललित कुमार कुर्रे उम्र 26 वर्ष ने मल्हार चौकी पहुंच पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता चिंताराम कुर्रे उम्र 60 वर्ष घर के पास स्थित खेत की रखवाली कर रहे थे। रविवार सुबह 9 बजे के आसपास खेत में बने मचान में बैठ खेत की रखवाली कर रहे थे तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चिंताराम कुर्रे की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

# मांगों को लेकर वार्डवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोरमी।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 11 के रहवासियों ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि उनकी मांगें पूरी होगी तो वे आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 11 के अंतर्गत 50 बिस्तर अस्पताल से सड़क मरम्मत एवं सीसी रोड निर्माण कराया जाए। इसी तरह मिडिल स्कूल तक सड़क एवं नाली, सीसी रोड निर्माण, महामाया मंदिर का जीर्णोद्धार, कोतरी नाला की सफाई, 50 बिस्तर अस्पताल के पास गेट निर्माण कराए जाने संबंधी मांगें शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम ने उनकी मांगों को लोकसभा चुनाव के बाद पूरा कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में शत्रुहन लाल तिवारी, लखन लाल तिवारी, हीरा सिंह, कैलाश साकत, आकाश निषाद, सोमेश राजपूत, यूवराज राजपूत, रामकुमार राजपूत, नारायण सिंह राजपूत, सुनील राजपूत, होरी लाल राठौर, नकुल राजपूत, धर्मराज राजपूत, संजय राजपूत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# युवाओं को पक्की नौकरी के साथ रोजगार: महंत

**जीपीएम।** कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा क्षेत्र के गांवों में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। सांसद महंत भी क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर जनता से रूबरू हो रही हैं।

कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस के न्याय पत्र 5 न्याय और 25 गारंटी के बारे में घर-घर जाकर व आम लोगों को बताते हुए जागरूक किया जा रहा है। अपील की जा रही है कि 7 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें ताकि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द जनता को मिल सकें। युवाओं को बेरोजगारी से बाहर निकालने के लिए पक्की नौकरी के साथ-साथ रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। किसानों को एमएसपी लागू कर लाभ देने के साथ देशभर के किसानों का कर्जा माफ करेंगे।




रजगामार में आयोजित सभा में शामिल कांग्रेसजन।

### सचिन पायलट पहुंचे रजगामार

श्रीमती ज्योत्सना महन्त के पक्ष में प्रचार करने रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रामपुर विधानसभा क्षेत्र के रजगामार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का जो भाषण मैं सुन रहा हूं, उसमें मुझे बौखलाहट दिखाई दे रही है। देश में यह चुनाव अब बदलाव का बन गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, चरण दास महन्त, पूर्व मंत्री जय सिंह ,नोबल वर्मा, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, चेन सिंह सामले, महापौर कोरबा, बिलासपुर से अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राधेभूत, अखिलेश चन्द्र प्रदीप बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था।

### जकांछ के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

सांसद ज्योत्सना महंत के जनसंपर्क के दौरान ग्राम चंगेरी में बड़ी संख्या में जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया। इन्होंने कांग्रेस की रीति-नीति पर आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस को विजयी बनाने का संकल्प लिया। सांसद ने इन सभी को पार्टी का गमछा पहना कर प्रवेश कराया और चुनाव जीतने के लिए जुट जाने का आह्वान किया।

**आम सूचना का खण्डन**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर आम सूचना का खण्डन करता हूं कि मौजा भदौरा स्व प.ह.न. 26 रा.नि.म. सीपत तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित ख.न. 249 एवं 251/2, रकबा 0.1500 एवं 0.2550 हेक्टर (0.37 एवं 0.63 एकड़) भूमि को श्रीमति बालकुमारी पटेल उम्र 40 वर्ष पिता श्री देवन प्रसाद पटेल निवासी छोटे मोहल्ला स्कूल के पास खपरी पोस्ट-दर्रीघाट थाना मरतूरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सामाजिक बैठक के अनुसार 29/1/2014 में तलाक लेने के एवज में भरण पोषण हेतु पति द्वारा अपने हिस्से की भूमि मे से अपने पिता के द्वारा महेन्द्र प्रसाद पटेल के भूमि को बाल कुमारी को रजिस्ट्री कर दिया गया था। जिसमे शर्त ये था कि वह जीवन भर भरण-पोषण के लिए दिया जा रहा है तत्पश्चात उपरोक्त उनके-पति लकेश्वर पटेल को प्राप्त होता।

अत: जो कोई व्यक्ति, संस्था कम्पनी निकाय, खरीदी बिक्री करता है तो सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं की होगी।

सो सूचना जाने।

28.04.24

लक्ष्मण प्रसाद जांगड़े
अधिवक्ता मस्तूरी जिला बिलासपुर
(छ.ग.) मो. 7879098599

**BEFORE THE HON'BLE ARBITRAL TRIBUNAL AT CHENNAI**

Comprising of the Sole Arbitrator- Hon'ble Sri M. MOHIDEEN PITCHAI Retired Judge (District and Sessions Judge) First Floor, No.323/157, LinghiChetty Street, Parrys, Chennai, Tamil Nadu-600001

**ARBITRATION CASE No. 2/VISAK/2024**
**(In the matter of Arbitration and Conciliation Act, 1996)**


**Between:**
M/s. Shriram Finance limited, Represented by its Power of Attorney Mr. Bonam GowriSankar, Door No. 45-40-41, 1st Floor, Surya Lakshmi Ramana Plaza, Beside: Sub-Register Office, Akkayyapalem, Visakhapatam- 530016 ....Claimant

**And:**
**1. M/s. Sri SaiDurga Chits and Finance** rep.by its Managing Partner Mr. Bandaru Venkata Ramesh S/o BandaruSita Ramayya, D.No.8-11-25/4,
Beside Varun Motors, Old Gajuwaka, Visakhapatnam-530026.
**2. Mr.BandaruVenkata Ramesh** S/o BandaruSita Ramayya, D.No.8-11-25/4, Beside Varun Motors, Old Gajuwaka, Visakhapatnam-530026.
**3. BandaruSitaRamayya,** D No.8-11-25/4,
Beside Varun Motors, Old Gajuwaka, Visakhapatnam-530026.
....Respondents

**NOTICE OF THE HEARING TO THE RESPONDENTS**

Please take the notice that the above claimant has filed the above claim statement against you for recovery of an amount of Rs. 5,12,43,543/- (Rupees Five Crores Twelve Lakhs Forty Three Thousand Five Hundred and Forty Three only) Hence you are hereby directed to appear before the Sole Arbitrator on 13-05-2024 at 3.30 PM either through personally or through an advocate, Otherwise the matter will be decided in your absence.

**Date of Hearing: 13.05.2024**
**M.V.S.U.M.SARMA, S.N.S. CHANDRASEKHAR**
Advocates, Visakhapatnam, Cell;9849985416, 9866021727




# दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।


## लाइफ Style

# मनीषा
## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942ः ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# जीता पत्नी से तलाक मुकदमा

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।




# जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



# 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरेः सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



# 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

## टीवी मसाला

# दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।



## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।



# जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र



**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



## 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 9 है

# ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

*मुंबई। बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*





**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।




**एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अवेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।

## खबर संक्षेप

### नदी किनारे अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** नदी किनारे गड्ढे में एक अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, शनिवार की सुबह मानिकपुर के लोगों ने अरपा नदी के किनारे गड्ढे में एक अधेड़ की लाश पड़ा हुआ देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराने की कोशिश की किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। लाश तीन से चार दिन पुरानी बताई जा रही है। तलाशी लेने पर एक कागज में मोबाइल नम्बर लिखा हुआ मिला। उक्त मोबाइल में फोन लगाने पर भी उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस उसके पहचान करने में लगी हुई है।

### नवविवाहिता ने की खुदकुशी, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** अधिक मात्रा में बीपी की दवा खाकर नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहूजा ने बताया, गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी पूजा सिंह पति स्व. रविशंकर सिंह की दो साल पहले शादी हुई थी। कुछ समय पूर्व में उनके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शनिवार को श्रीमती सिंह ने अधिक मात्रा में बीपी की दवा खा ली। उनकी हालत खराब होने पर परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### मोबाइल लूटने वाले तीन गिरफ्तार



**बिलासपुर।** यात्री से मोबाइल लूटने वाले नाबालिग सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 24 अप्रैल को बलौदा मालखरौद निवासी भोले शंकर चंद्रा ट्रेन से शहर आए और अपने एक परिचित के साथ बातचीत करते हुए पटरी किनारे चलते हुए पैदल गतौरा जा रहे थे। लालखदान ओवर ब्रिज के नीचे दो युवक उनसे मारपीट करते हुए मोबाइल लूटकर भाग गए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लालखदान निवासी रवि शंकर पाल पिता जय सियाराम पाल व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने धारा 392, 34 के दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाबा सिद्धार्थ का प्राकट्य दिवस 1 मई को

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल (चपोरा) में अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का प्राकट्य दिवस 1 मई को मनाया जाएगा। उक्त जानकारी प्रचार सचिव विनोद तम्बोली ने बताया किया कि प्रातः आश्रम स्थल में साफ-सफाई एवं श्रमदान के पश्चात पवित्र ग्रंथ सफल योनि का पाठ किया जाएगा। इसके बाद बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के तैल चित्र की पूजा की जाएगी। इसके बाद सामूहिक हवन कर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**चुनाव ने रोकी कार्रवाई** — सबसे अधिक घुरू अमेरी, सकरी, मोपका में अवैध प्लाटिंग और कालोनी बन रही

# 70 वार्डों में 112 अवैध कालोनियां, आउटर में भी 29 कालोनाइजर, सभी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी क्षेत्र के साथ ही आउटर में अधिकारियों की अनदेखी से दिनों दिन अवैध रूप से कालोनियां बन रही हैं, लेकिन इन पर लगाम नहीं लग पा रही है। 70 वार्डों वाले निगम में 112 अवैध कॉलोनियां हैं तो बोदरी, मस्तूरी, कोटा तखतपुर में 29 कालोनाइजर को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की ओर से नोटिस जारी किया गया है।

निगम क्षेत्र में सबसे अधिक घुरू अमेरी, सकरी, मोपका में अवैध प्लाटिंग हो रही तो कालोनी बन रही है। इनका ना तो नक्शा पास है और ना ही ले आउट क्लीयर कराया गया है। नोटिस के बाद हालांकि कोई कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी है। शहरी क्षेत्र में निगम में 8 जोन हैं और आठों जोन में 184 अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं, फिर भी वे अवैध कालोनियों पर शिकंजा नहीं कस पा रहे हैं। इधर भवन शाखा के इंजीनियर हर बार की तरह इस बार भी कह रहे हैं अवैध कालोनी बनाने वाले कालोनाइजरों को नोटिस दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक आचार संहिता के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

■ इनका ना तो नक्शा पास है और ना ही ले आउट क्लीयर कराया गया, शिकंजा नहीं

ज्ञात हो कि कुछ समय पहले सर्वे में निगम सीमा में 110 अवैध कालोनियां मिली थीं, लेकिन अभी 2 अवैध कालोनियां और बढ़ गई हैं। निगम का कहना है कि जिन कालोनियों में सिर्फ सड़क, बिजली के खंभे, नाली और सीमांकन के लिए पत्थर लगाए गए थे और जहां मकान बनना शुरू नहीं हुआ था, ऐसे 40 अवैध कालोनियों में सीसी रोड और बांउड्रीवाल को तोड़ा गया है और बिजली के खंभे भी हटाए गए हैं। इसमें 5 के खिलाफ एफआईआर भी कराई गई है।

### 52 प्रकरण टीएनसीपी भेजे गए

निगम का कहना है कि 110 में 52 मामलों में मार्ग संरचना के अनुसार पाए जाने पर अनुमोदन के लिए टीएनसीपी भेजा गया है, लेकिन टीएनसीपी ने सिर्फ 17 प्रकरण पर ही अनुमोदन किया है। निगम की एमआईसी ने इन कॉलोनियों के विकास शुल्क के लिए प्रस्ताव पास कर दिया है। इन 17 मामलों में निगम की ओर से नक्शा पास करने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। वहीं खसरा नंबर 475/1, 479, 480/1, 480/2, 481/1, 482, 485, 522/1,523, 524, 554 में स्वीकृत भू अभिन्यास होने के कारण उसे विलोपित किया गया।

### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से नोटिस जारी

विशाल सिदारा (तोरवा धान मंडी), सुनील सिदारा (तोरवा धान मंडी), पूजा सिदारा (तोरवा धानमंडी) , प्रवेश कुर्रे (सैदा, सकरी), अनूप चड्ढा (सैदा, सकरी), बिसुन सोनवानी (सैदा, सकरी), अभिलाष (सैदा, सकरी), प्रदीप साहू व अन्य (सैदा, सकरी), प्रकाश कलवानी, (सैदा, सकरी), दीपक अग्रवाल (सैदा, सकरी), अमजद खान (सैदा, सकरी), हेमंत छितरका (सैदा, सकरी), हरीश अग्रवाल (सैदा, सकरी),

### घुरू अमेरी और मंगला में बन गई कॉलोनियां

शहर से लगे घुरू अमेरी और मंगला में कई अवैध कॉलोनियां बन चुकी है और रजिस्ट्री भी हो गई है। निगम का कहना है कि यहां किसी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं है। निगम के भवन शाखा के अधिकारियों का कहना है कि चुनाव के बाद बड़ी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर खुद का आशियाना बनाने का सपना संजोने वाले जानकारी के अभाव में सस्ते प्लॉट के चक्कर में फंस जाते हैं। इस तरीके से खरीदे गए प्लॉट पर मकान बनाने से लेकर वहां निवास करने तक प्लॉट मालिक को ढेरों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं नगर निगम के लिए ये अवैध कॉलोनियां जंजाल बन जाती हैं। इनसे शहर अव्यवस्थित होता है और व्यवस्थित विकास की कोशिशें नाकाम होने लगती हैं। शहर की सूरत बिगड़ जाती है। नए प्लॉट खरीदने वाले यदि व्यवस्थित विकास चाहते हैं तो उन्हें वैध-अवैध कॉलोनी के फर्क को समझना होगा।

### आउटर में अवैध कालोनियों की भरमार

शहर के आउटर में अवैध कॉलोनियों की भरमार हो चुकी है। लोग सस्ते के चक्कर में या तो प्लॉट खरीद रहे हैं या मकान बना रहे हैं। बेतरतीब बसाहट, अनियमित विकास और रहवासियों को पीने के पानी, स्ट्रीट लाइट, सड़क, पानी निकासी जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता है। जानकारों के मुताबिक अवैध प्लॉटिंग का गोरखधंधा अफसरों व सरकारी अमले की मिलीभगत से पनपता है। बगैर लेआउट, डायवर्सन के कृषि भूमि को टुकड़ों में बांटकर बेचने वालों को इससे भारी मुनाफा होता है, क्योंकि कॉलोनाइजर लाइसेंस से लेकर रेरा में पंजीयन सहित शासकीय प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जाता। एक तरह से अवैध प्लॉटिंग करने वाले सरकारी टैक्स की चोरी करते हैं।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

अवैध कालोनी बनाने वाले 20 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें से कुछ का जवाब आया है। चुनाव आचार संहिता के कारण आगे की प्रक्रिया और कार्रवाई रुकी है। नोटिस का जवाब समय पर और संतोषजनक नहीं होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई होगी।

- **भानू प्रसाद पटेल**, ज्वाइंट डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

मंगला चौक से मिनोचा कालोनी वाले रास्ते पर जाम से मिलेगी मुक्ति

# आखिरकार बनने लगी महावीर नगर से उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज तक की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के मंगला नाका चौक पर लगने वाले जाम की समस्या जल्दी ही दूर हो जाएगी। महावीर नगर से उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज के पार तक 850 मीटर लंबे और 20-24 मीटर चौड़े बाइपास रोड का काम रविवार को स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शुरू कर दिया। इसे जल्द पूरा करने की बात अधिकारी कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक नाली विवाद के कारण अभी उसका काम बाद में किया जाएगा फिलहाल सारा ध्यान सड़क पर है। कोर्ट का फैसला आने और सीमांकन में स्थिति स्पष्ट होने के बाद नाली बनाई जाएगी।

■ नाली विवाद के कारण अभी उसका काम बाद में किया जाएगा

ट्रैफिक डायवर्ट करने के लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने महावीर नगर से उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज तक बाइपास रोड के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। हालांकि इस फोरलेन रोड के काम को पूरी करने की डेडलाइन मंगलवार 30 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। गौरतलब है कि बता दें कि महावीर नगर से उसलापुर की ओर कई किलोमीटर जमीन नगर निगम को रेलवे से 1952 में बंदोबस्त के अंतर्गत मिली थी। यह जमीन रेलवे द्वारा मुंगेली-कवर्धा रेलवे लाइन के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी, परंतु प्रस्तावित रेल लाइन की योजना तब ड्रॉप कर दी गई। इसके बाद उक्त जमीन पर लगातार बेजा कब्जा होने लगा। साल भर पहले निगम ने इस जमीन का सीमांकन करते हुए रसूखदारों का कब्जा तोड़ा और फोरलेन सड़क बनाने की योजना बनाई। हालांकि कई बार मामला कोर्ट में फंसता रहा इसलिए इस प्रोजेक्ट के शुरू होने में बाधाएं भी पहुंची। अब लेकिन रास्ता साफ हो गया है।



महावीर नगर से उसलापुर ओवर से जाने वाली सड़क का काम शुरू हो गया है।

### हैवी ट्रैफिक होगा डाइवर्ट

अधिकारियों के मुताबिक मंगला नाका चौक पर बढ़ती भीड़ और जाम को रोकने के लिए जल्दी ही महावीर नगर मोड़ के पास से उसलापुर फ्लाई ओवरब्रिज तक 80 फीट चौड़ी नई सड़क बनेगी। यह मौजूदा उसलापुर रोड के बराबर होगी। फिलहाल उसलापुर फ्लाई ओवरब्रिज और दूसरी ओर गौरव पथ, कलेक्टोरेट रोड की ओर से आने वाले वाहनों के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती है। नई सड़क बनने से गौरव पथ की ओर से आने वाले हैवी ट्रैफिक को महावीर नगर से सीधे फ्लाई ओवरब्रिज की ओर डायवर्ट किया जा सकेगा। गौरव पथ की ओर से आने वालों के लिए यह शार्टकट रोड होगी। इससे उसलापुर रोड पर वाहनों की भीड़ कम होगी और जाम से राहत मिलेगी।

### 10 करोड़ में बनेगी सड़क

गौरतलब है कि इस सड़क निर्माण के मार्ग में अब तक बेजा कब्जा और पैसे की कमी सबसे बड़ी बाधा रही है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन के मुताबिक इसके लिए रोड निर्माण के लिए जारी 10 करोड़ के टेंडर का उपयोग जनहित में किया जाएगा। महावीर नगर, दाऊ मेडिकल के पास से खसरा नंबर 1552 की जमीन उसलापुर रेलवे के आर-पार है। फिलहाल फ्लाई ओवरब्रिज तक 950 मीटर लंबी, 65 फीट चौड़ी सड़क का इस्टीमेट तैयार किया गया है। प्रबंधन की कोशिश है कि पूरी सड़क बारिश के पहले बना ली जाए। सड़क के बाएं किनारे पानी निकासी के लिए नाली भी बनाई जाएगी। रोड निर्माण पर 6 करोड़ तथा स्ट्रीट लाइट व नाला निर्माण में करीब 2 करोड़ खर्च होंगे।

### सड़क का काम तेजी से हो रहा

मंगला नाका चौक पर बढ़ती भीड़ और जाम को रोकने के लिए जल्दी ही महावीर नगर मोड़ के पास से उसलापुर फ्लाई ओवरब्रिज तक 80 फीट चौड़ी नई सड़क बनेगी। यह मौजूदा उसलापुर रोड के बराबर होगी। सड़क का काम तेजी से और गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए हैं।

- **अमित कुमार**, एमडी, स्मार्ट सिटी



बिजली के पोल को सड़क से हटाने की जगह वहीं से मोड़ दिया।

# सालों बाद बनी मंडी की सड़क में फिर लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग की सबसे बड़े सब्जी मंडी जाने के लिए 3 करोड़ की लागत से बनाई गई सड़क पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुकी और परिवहन भी चालू है, लेकिन बिना खंबा हटाए और नाली निर्माण के ठेकेदार को पूरा भुगतान किया जा चुका है। वहीं नाली नहीं बनने के कारण इस बरसात सड़क के दोबारा खस्ताहाल होने की आशंका मंडराने लगी है।

■ नाली बनाए बिना छोड़ दिया काम, अब फिर भरेगा पानी

तिफरा सब्जी मंडी सड़क सालों से बदहाल रही है, इस साल जनवरी माह में सड़क का निर्माण कराया गया है, मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने विभागीय मद से सड़क का निर्माण कराया है, जिसमें 3 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन सड़क निर्माण के मानकों को दरकिनार कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि फरवरी माह तक सड़क का निर्माण किया जाना था, लेकिन बिना खंबा हटाए ही सड़क का निर्माण कर दिया गया है, वहीं लापरवाहीपूर्वक अधूरी नालियों का निर्माण किया है, जिसके चलते बरसाती पानी एक बार फिर सड़क से होकर ही गुजरेगी, जिसके सड़क खराब होने का अंदेशा बना हुआ है। वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद ठेकेदार के पास लेबर की कमी है, जिसके चलते नाली का निर्माण नहीं कराया जा सका है, वहीं बिजली विभाग में पोल हटाने की फाइल लटक चुकी है, जिसके चलते ठेके में अनुबंधित कार्य अभी भी अधूरा है।

### लेबर समस्या के कारण रुका है काम

सड़क बनकर तैयार है, लेकिन नालियों और बिजली का काम बाकी है, ठेकेदार को जल्द ही काम पूरा करने के लिए कहा गया है, लेबर की समस्या रही है, जिसके चलते निर्माण कार्य रूका है।

-**अनिल सरसोरिया**, जेडी, मंडी बोर्ड

**सरकारी चावल का फर्जीवाड़ा, सत्यापन को लेकर लीपापोती जारी**

# 683 राशन दुकानों में से 100 ने भी नहीं दी स्टाक की जानकारी

**बिलासपुर।** राजधानी समेत राज्यभर में 216 करोड़ के चावल के फर्जीवाड़े की जांच के लिए 31 मार्च तक 13779 राशन दुकानों को आनलाइन अपने स्टाक को अपडेट करना था, लेकिन अभी तक केवल 691 राशन दुकानों ने ही ऑनलाइन इंट्री अपडेट की है।

बिलासपुर की 683 से अधिक राशन दुकानों में से करीब 100 दुकानों की जानकारी ही सामने आ सकी है। दरअसल 33 जिलों में अभी भी राशन दुकानों से 15.57 लाख मीट्रिक टन चावल और 48 हजार क्विंटल शक्कर गायब है। इसकी कीमत 200 करोड़ से भी ज्यादा है। राशन दुकानों के भौतिक सत्यापन को लेकर अफसर जमकर लीपापोती कर रहे हैं।31 मार्च 2024 की स्थिति में जिलों के खाद्य विभाग के अफसरों ने दुकानवार स्टॉक की जानकारी देने के बजाय जिलेवार जानकारी खाद्य संचालनालय से भेजी है वो भी आधी-अधूरी। चौंकाने वाली बात है कि प्रदेश भर में केवल 697 राशन दुकानों का ही भौतिक सत्यापन किया गया। यानी बाकी दुकानों में अभी बचत स्टॉक को लेकर जमकर गड़बड़ी की जा रही है। इस मामले में खाद्य विभाग के आला अधिकारी भी निशाने पर हैं। कई राशन दुकानदारों का आरोप है कि भौतिक सत्यापन के नाम पर पांच-पांच हजार की अवैध वसूली भी की जा रही है।

### चावल के रिकार्ड में बड़ा अंतर

खाद्य विभाग और राशन दुकानों में चावल के रिकार्ड में बड़ा अंतर सामने आया है। मामला सामने आते ही फूड विभाग जांच कर रहा है। इसमें स्टॉक का वेरिफिकेशन जारी किया जा रहा है। गौरतलब है कि खाद्य विभाग के अंतर्गत जिले में 683 के करीब पीडीएस दुकानें संचालित हैं। हर महीने नान की ओर से जिले की इन दुकानों में 16 हजार मीट्रिक टन चावल का भंडारण किया जाता है। चावल वितरण के बाद कुछ-कुछ समय में रिकार्ड भी खंगाला जाता है। इसमें दुकानों के पास स्टॉक से लेकर डिमांड की जानकारी जुटाई जाती है। इसी जांच के दौरान करीब 75 से 80 दुकानों के रिकार्ड में अंतर सामने आया है। हर दुकान संचालकों के पास 50 से 80 क्विंटल चावल मौजूद होना रिकॉर्ड में दर्ज है, लेकिन दुकानदार खुद के पास यह स्टॉक नहीं होने की बात कह रहे हैं।

### अंतर का पता लगाया जाएगा

भौतिक सत्यापन के दौरान राशन दुकानों में पहुंचकर विधिवत पत्रक भी बनाए जाएंगे। इसमें दुकान का पीयूसी मशीन और दुकान पर मौजूद स्टाक का मिलान किया जाएगा। अगर किसी दुकानदार द्वारा गड़बड़ी की जा रही है तो उसके अंतर का पता भी लगाया जाएगा।

- **अनुराग सिंह भदौरिया**, खाद्य नियंत्रक, बिलासपुर

# बहुत पैसा कमाए हो कहते हुए प्रापर्टी डीलर से 2 लाख रुपए की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन खरीदी बिक्री कर बहुत पैसा कमाए हो कहते हुए प्रापर्टी डीलर से अवैध रूप से 2 लाख रुपए की मांग करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली टीआई विजय चौधरी ने बताया, जूना बिलासपुर निवासी गोवर्धन मोटवानी पिता स्व. लखीराम मोटवानी ने लिखित शिकायत की। वे जमीन खरीदी बिक्री का काम करते हैं। 10 अप्रैल को चेट्रीचंड्र के दिन शाम 5 बजे गोलबाजार शोभायात्र के दौरान रोशनी न्यूज वेब पोर्टल के संचालक विकास रोहरा श्री मोटवानी से मिला और कैमरा के सामने दो शब्द बोलने को कह रहा था। उन्होंने मना करते हुए कहा वीडियो बनाकर दुरूपयोग करते हो और भ्रामक झूठी खबर चलाते हो। इसके पहले भी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की छवि खराब करने का प्रयास किए हो।

इस पर विकास रोहरा ने उन्हें जमीन खरीदी बिक्री में बहुत पैसा कमाए हो कहते हुए अवैध रूप से 2 लाख रुपए की मांग की गई। पैसा नहीं देने पर तुम्हे टारगेट करके इज्जत मिट्टी में मिला देने व सामाजिक छवि पूरी तरह से खत्म कर देने की धमकी दी। पुलिस ने श्री मोटवानी की रिपोर्ट पर विकास रोहरा के खिलाफ धारा 384 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 36 माल में हंगामा, मायूस लौटे दर्शक



टिकट लौटाने के लिए काउंटर पहुंचे दर्शक।

**बिलासपुर।** 36 मॉल में फिल्म देखने गए दर्शकों ने सिनेमा की क्वालिटी को लेकर हो-हंगामा मचाना शुरू कर दिया, करीब घंटे भर की बहस और हंगामे के बाद आखिर कर सीटी 36 सिनेमा की ओर से सभी दर्शकों की टिकट वापस करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार हालिया रिलीज क्रू फिल्म के लिए करीब डेढ़ सौ से अधिक दर्शन मंगला चौक स्थित 36 मॉल में उपस्थित रहे, इस दौरान शाम 6.45 मिनट पर फिल्म शुरू हो गई। स्क्रीन नंबर 1 में मौजूद लोगों को परदे पर फिल्म नजर नहीं आ रही थी, इस दौरान महज आवाज ही सुनाई दे रही थी, जिसके बाद दर्शक आग बबूला हो गए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। माहौल गर्माने के बाद प्रबंधक ने उन्हें समझाया, लेकिन लोगों ने तत्काल रिफंड की बात कही, इस दौरान रिफंड में विलंब होने के बाद लोगों का गुस्सा चढ़ गया और पुनः हंगामा मचना शुरू हो गया। आखिरकार प्रबंधन ने करीब डेढ़ सौ से अधिक दर्शकों के टिकट लौटाए लेकिन इस दौरान ऑन लाइन बुकिंग करने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ दर्शकों ने अन्य सिनेमा के टिकट से एक्सचेंज कर राशि समायोजित कराई, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

# नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती का अपहरण कर अनाचार, युवक फरार

**बिलासपुर।** नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर कार में युवती का अपहरण कर दूसरे शहर में लेकर अनाचार किया गया है। आरपीएफ के सहयोग से युवती को बरामद कर लिया गया है। अपहरणकर्ता युवक फरार है।

सिविल लाइन क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की सिंधी कालोनी निवासी सागर दरयानी से जान पहचान थी। पीड़िता युवती ने आरोप लगाया है कि 17 अप्रैल को सागर उन्हें कोल्ड ड्रिंक पिलाकर जबरदस्ती अपनी कार में बैठाकर रायपुर ले गया। वहां होश आने पर दबाव बनाकर आर्य समाज में शादी की। उसके बाद दो दिन नागपुर, दो दिन पचमढ़ी में रखकर शारीरिक संबंध बनाता रहा है। उसके बाद मुंबई लेकर गया। किसी तरह उसने लोगों की मदद से घरवालों को फोन कर घटना की जानकारी दी। उसके घर के लोगों ने परिचित मुंबई आरपीएफ के जवान के सहयोग मुंबई रेलवे स्टेशन में युवती को बरामद किया। वहीं आरपीएफ को देखकर युवक भाग निकला। उसके बाद परिजन फ्लाइट से पीड़ित युवती को शहर लेकर आए और घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ धारा 365, 376 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com